नेमी टिप्पणी सं. 20011/15/2015 -हिन्दी
दिनांक- 04/04/2019

राजभाषा अनुभाग

हिंदी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित तिमाही रिपोर्ट भाग-I एवं भाग-II भेजने के संबंध में

कृपया सभी अनुभाग अधिकारी इस अनुभाग के समसंख्यक पत्र दिनांक 28 फरवरी 2019 का अवलोकन करें, जिसके द्वारा राजभाषा हिंदी की तिमाही प्रगति रिपोर्ट भाग-I एवं भाग-II का नया प्रपत्र भेजा गया था और अनुभागों से मार्च तिमाही की रिपोर्ट हिंदी अनुभाग में भेजने का आग्रह किया गया था। सूचित किया जाता है कि अभी तक किसी भी अनुभाग से और अं.रा.पु.बे.स्टेशन से यह रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है।

2. अत: निदेशालय के सभी अनुभाग अधिकारियों एवं कें.पु.रे.प्र.संस्थान व पोलनेट हब के अधिकारियों से अनुरोध है कि वे अपने अनुभाग की उक्त तिमाही रिपोर्ट इस अनुभाग में भेज दें ताकि इसे समेकित करके निदेशालय की हिंदी की रिपोर्ट निदेशक महोदय के अवलोकन एवं हस्ताक्षर हेतु प्रस्तुत की जा सकेगी। इस तिमाही रिपोर्ट को भरते समय निम्नलिखित बिंदुओं पर ध्यान दिया जाना सुनिश्चित करें:-

(क) नया प्रपत्र जिसमें रिपोर्ट भरनी है वह विभाग के सरकारी बेबसाइट के यूटिलिटी फॉर्म शीर्षक में अपलोड है। मार्च 2019 तिमाही रिपोर्ट के साथ भाग-I एवं भाग-II और साथ ही अनुभाग अधिकारी से हस्ताक्षरित प्रमाणपत्र भी भेजना अनिवार्य है।

(ख) तिमाही रिपोर्ट के भाग-I में जानकारी 01 जनवरी 19 से 31 मार्च 2019 तक की दें और रिपोर्ट के भाग-II में जानकारी 01 अप्रैल 2018 से 31 मार्च 2019 तक की दें, जो भाग-II फॉर्म में भी लिखा गया है।

(ग) फॉर्म में लिखे गए नोट के अनुसार फॉर्म भरा जाना सुनिश्चत करें। जो कॉलम लागू नहीं है उसमें डेस (---) का निशान लगा दिया जाना चाहिए।

(घ) भाग-I एवं भाग-II के साथ संलग्न प्रमाणपत्र को रिपोर्ट तैयार करने वाले अधिकारी हस्ताक्षर करके रिपोर्ट के साथ भेजना सुनिश्चित करें।

3. कृपया अपने अनुभाग व कार्यालय की उक्त तिमाही रिपोर्ट यथाशीघ्र दिनांक 08 अप्रैल 2019 तक इस अनुभाग में भेजना सुनिश्चित करें।

04/04/19

(विद्याधर)
उप निदेशक (राजभाषा/बीजलेख)

प्रतिलिपि प्रेषित:

1. निदेशक के प्रधान वैयक्तिक सचिव : सादर सूचनार्थ ।
2. अपर निदेशक (मुख्यालय) के वैयक्तिक सचिव : सादर सूचनार्थ ।
3. सभी अनुभाग अधिकारी/सहायक निदेशक, पोलनेट हब स्टेशन, समन्वय सदन, नई दिल्ली ।
4. सहायक निदेशक, केंद्रीय पुलिस रेडियो प्रशिक्षण संस्थान, वन्दे मातरम् मार्ग, नई दिल्ली ।
5. स.नि. सूचना और प्रोद्योगिकी विभाग के वेबसाइट में अपलोड करने हेतु। सभी सं.स.नि./स्टेशन अधीक्षकों से अनुरोध है कि वे अपने केन्द्र की हिंदी रिपोर्ट उक्तानुसार इस कार्यालय में अविलम्ब भिजवाना सुनिश्चित करें।
6. गार्ड फाइल ।